बोल कान्हा बोल यह कमाल कैसे हो गया

बोल कान्हा बोल यह कमाल कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

सत्यभामा और रुक्मिणी जैसी लुगाई,
राधे के साथ कैसे जोड़ी बनाई,
बोल कान्हा बोल तू नादान कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

ब्याह जिसे लाया वह कहाई तेरी रानी,
बिना ब्याहे राधा रानी बनी महारानी,
बोल कान्हा बोल यह विधान कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

तस्वीर रानियों की कोने में पड़ी हैं,
जितने भी मंदिर राधे साथ में खड़ी है,
बोल कान्हा बोल यह सम्मान कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

रानी पटरानी सारी हाजिरी बजामें,
राधे महारानी उन पर हुकुम जमामें,
बोल कान्हा बोल तु गुलाम कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

जिसने भी प्यार किया वही बदनाम है,
राधे के साथ तेरी चार गुनी शान है,
झूठा सारा वेद और पुराण कैसे हो गया,
बिना शादी किए राधे श्याम कैसे हो गया.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26601/title/bol-kanha-bol-yeh-kamaal-kaise-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |